

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

*संख्या–55/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राज्यपाल ने राजभवन के समीप स्थित बुद्ध पार्क में भगवान बुद्ध की पूजा–अर्चना की

**पटना, 12 मई, 2025** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर राजभवन के समीप स्थित बुद्ध पार्क में भगवान बुद्ध की पूजा–अर्चना की। उन्हें महाबोधि मंदिर, बोधगया से आए भन्ते गौतम एवं भन्ते धर्मेन्द्र ने भगवान बुद्ध की पूजा करायी। इस अवसर पर राज्यपाल ने भगवान बुद्ध से बिहारवासियों और देशवासियों के कल्याण और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण, कर्मीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....................................